अंक – 46 19.08.2025 मंगलवार

# कैमूर चेतना–सत्र

## बिहार शिक्षा परियोजना कैमूर द्वारा सभी विद्यालयों के लिए प्रकाशित





- संपादकीय
- विज्ञान कार्नर
- प्रार्थना
- बिहार राज्य गीत
- संविधान की प्रस्तावना
- राष्ट्रगान
- आज का सुविचार
- रोचक तथ्य
- दिवस विशेष
- सामान्य ज्ञान
- शब्द ज्ञान
- तर्क ज्ञान
- प्रेरक प्रसंग
- बूझो तो जाने


**भारत के प्रधानमंत्री**
**श्री नरेन्द्र मोदी**
**भारत के रक्षा मंत्री**
**श्री राजनाथ सिंह**

**AUGUST 2025**

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 31 | | | | | | |












**परिकल्पना सहयोग :**
चेतना - सत्र संसाधन निर्माण कोषांग

**प्रकाशक :**
बिहार शिक्षा परियोजना एवं शिक्षा विभाग , कैमूर

**संपादक समूह :**



**सुमित कुमार**
प्राथमिक विद्यालय डारीडीह, भभुआ , कैमूर



**शिव कुमार गुप्ता**
राजकीयकृत मध्य विद्यालय नीमी, भभुआ कैमूर



**राजेश कुमार सिंह**
महाबल भृगुनाथ +2 उच्च विद्यालय कोरिगावा बहेरा , कैमूर

सभी विद्यालयों के शिक्षक 'कैमूर चेतना – सत्र' के ग्रुप में जुड़ना सुनिश्चित करें ताकि चेतना सत्र की प्रति सभी को आसानी से प्राप्त हो सके |

**कार्यालय, बिहार शिक्षा परियोजना**
शिक्षा भवन , भागीरथी मुक्त्तावाश मंच , भभुआ (कैमूर )
पिनकोड – 821101
ईमेल – chetnakaimur@gmail.com

# विज्ञान कार्नर

## अम्ल, क्षार और लवण

### लवणों का pH

- प्रबल अम्ल और प्रबल क्षार के अभिक्रिया के फलस्वरूप बने लवण को उदासीन लवण कहते हैं।
- उदासीन लवण के pH का मान 7 के बराबर होता है।
- लिटमस पत्र पर उदासीन लवण का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

- प्रबल अम्ल एवं दुर्बल क्षार के अभिक्रिया के फलस्वरूप बने लवण को अम्लीय लवण कहते हैं।
- अम्लीय लवण के pH का मान 7 से कम होता है।
- यह नीले लिटमस पत्र को लाल कर देता है।

- प्रबल क्षार और दुर्बल अम्ल के अभिक्रिया के फलस्वरूप बने लवण को क्षारीय लवण कहते हैं।
- क्षारीय लवण के pH का मान 7 से अधिक होता है।
- यह लाल लिटमस पत्र को नीला कर देता है।

**स्वास्थ्य विभाग**
बिहार सरकार

## दस्त की रोकथाम

**क्या ? आप जानते हैं**

- दस्त से शरीर में पानी की कमी हो जाती है।
- दस्त को निर्जलीकरण में न बदलने दें। ओ.आर.एस. और जिंक का सेवन तुरंत शुरू करें।
- जिंक की खुराक- 2 से 6 महीने की उम्र के बच्चों को 20 मिलीग्राम की 1/2 गोली दें 6 महीने से अधिक उम्र के बच्चों को 20 मिलीग्राम की 1 गोली दें।

## जानें खतरे के लक्षण

1. स्तनपान न करना
2. खाया हुआ सब कुछ उल्टी कर देना
3. बार-बार पतले मल के कारण गंभीर निर्जलीकरण
4. अधिक बीमार होना
5. मल में खून का आना
6. सुस्ती या बेहोशी होना
7. बुखार होना या छूने पर ठंडा लगना
8. तेजी से सांस लेना/सांस लेने में कठिनाई होना
9. हथेलियां और तलवे पीले होना
10. दौरे पड़ना



उपर्युक्त लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

## 1. प्रार्थना

### प्रार्थना

इतनी शक्ति हमें देगा दाता मन का विश्वास, कमजोर हो ना
हम चलें नेक रस्ते पे, हमसे भूलकर भी कोई भूल हो ना।

दूर अज्ञान के हों अँधेरे,तू हमें ज्ञान की रौशनी दे।
हर बुराई से बचके रहें हम, जितनी भी दे भली जिन्दगी दे॥
बैर हो न किसी का किसी से,भावना मन में बदले की होना,
हम चले नेक रस्ते पे, हमसे भूलकर भी कोई भूल हो ना॥

इतनी शक्ति हमें देगा दाता मन का विश्वास, कमजोर हो ना
हम चलें नेक रस्ते पे, हमसे भूलकर भी कोई भूल हो ना।

हम न सोचें हमें क्या मिला है,हम ये सोचें किया क्या है अर्पण
फूल खुशियों के बाँटे सभी में,सबका जीवन भी बन जाये मधुबन
अपनी करुणा का जल तू बहा दे, करदे पावन हर एक मन का कोना,
हम चले नेक रस्ते पे, हमसे भूलकर भी कोई भूल हो ना॥

इतनी शक्ति हमें देगा दाता मन का विश्वास, कमजोर हो ना
हम चलें नेक रस्ते पे, हमसे भूलकर भी कोई भूल हो ना।

### अभियान गीत

हम होंगे कामयाब, हम होंगे कामयाब,
हम होंगे कामयाब एक दिन
मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
हम होंगे कामयाब एक दिन...

होगी शांति चारों ओर, होगी शांति चारों ओर
होगी शांति चारों ओर, एक दिन
मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
होगी शांति चारों ओर एक दिन
हम होंगे कामयाब ...

हम चलेंगे साथ-साथ डाल हाथों में हाथ
हम चलेंगे साथ-साथ, एक दिन
मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
हम चलेंगे साथ-साथ एक दिन
हम होंगे कामयाब ...

नहीं डर किसी का आज नहीं डर किसी का आज,
मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
नहीं डर किसी का आज एक दिन
हम होंगे कामयाब ...

### संविधान की प्रस्तावना

"हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय; विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता; प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए, दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतदद्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।"

### राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत भाग्य विधाता।
पंजाब-सिन्धु-गुजरात-मराठा
द्राविड़-उत्कल-बंग
विंध्य हिमाचल यमुना गंगा
उच्छल जलधि तरंग
तब शुभ नामे जागे, तब शुभ आशिष मांगे
गाहे तब जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे भारत भाग्य विधाता
जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय जय हे॥

## 2. आज का सुविचार

"त्याग के बिना कुछ भी पाना संभव नही है, एक सांस लेने के लिए भी एक सांस छोड़नी पड़ती है।"

## 3. रोचक तथ्य

अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण की कमी के कारण, अंतरिक्ष यात्रियों के लिए डकार लेना मुश्किल होता है, क्योंकि गैस पेट में ही रह जाती है।

## 4. दिवस विशेष

**विश्व मानवतावादी दिवस**

यह दिन मानवीय संकटों में अपनी जान गंवाने वाले या मानवीय उद्देश्यों के लिए काम करते हुए अपनी जान जोखिम में डालने वाले लोगों की याद में मनाया जाता है | संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 19 अगस्त 2008 को विश्व मानवतावादी दिवस घोषित किया था |

**विश्व फोटोग्राफी दिवस**

यह दिन फोटोग्राफी की कला, शिल्प, विज्ञान और इतिहास का जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है| यह दिन दुनिया भर के फोटोग्राफरों को अपनी कला को साझा करने के लिए प्रोत्साहित करता है.

## 5. आज का इतिहास

1600 : मुगल बादशाह अकबर ने अहमदनगर पर विजय प्राप्त की।
1757 : ईस्ट इंडिया कंपनी ने कोलकाता में एक रुपये का पहला सिक्का बनाया।
1973 : फ्रांस ने परमाणु परीक्षण किया।
1977 : सोवियत संघ ने सेरेपोव में परमाणु परीक्षण किया
2019 : बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्रा का निधन।
1949 : भुनेश्वर, ओडिशा का राजधानी बना |

## 6. सामान्य ज्ञान

प्रश्न : बिहार में कुल कितने जिले हैं ?
उत्तर : 38
प्रश्न : बिहार में कुल कितने प्रमंडल है ?
उत्तर : 9 ( पटना , मगध , कोसी , मुंगेर , भागलपुर , पूर्णिया , दरभंगा , तिरहुत , सारण )
प्रश्न : बिहार के उपमुख्यमंत्री कौन हैं ?
उत्तर : श्री विजय कुमार सिन्हा & श्री सम्राट चौधरी
प्रश्न : लाल ग्रह किस ग्रह को कहा जाता है ?
उत्तर : मंगल ग्रह
प्रश्न : नीला ग्रह किस ग्रह को कहा जाता है ?
उत्तर : पृथ्वी
प्रश्न : कैमूर जिले में कुल कितने अनुमंडल है ?
उत्तर : 2 ( भभुआ और मोहनियाँ )
प्रश्न : भारत किस महाद्वीप में स्थित हैं?
उत्तर : एशिया

प्रश्न : कैमूर जिले में कुल कितने प्रखंड है ?
उत्तर: 11
प्रश्न : GK का फुल फॉर्म क्या है ?
उत्तर: GENERAL KNOWLEDGE
प्रश्न : मुख्यमंत्री बालक साइकिल योजना में कितना राशि दी जाती है?
उत्तर : 3000 रूपये
प्रश्न : चाँदी का रासायनिक चिन्ह क्या है ?
उत्तर: Ag
प्रश्न : द्रव को गैस में बदलने की प्रक्रिया क्या कहलाती है?
उत्तर : वाष्पीकरण
प्रश्न : क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे छोटा राज्य कौन सा हैं?
उत्तर : गोवा
प्रश्न : भारत का कुल क्षेत्रफल कितना हैं ?
उत्तर : 32,87,263 वर्ग किलोमीटर

## 7. शब्द ज्ञान

| | |
|---|---|
| कुछ नहीं। | Nothing. |
| बाद में मिलते हैं। | See you later. |
| बेशक | of course. |
| किसी भी तरह। | Any way. |
| कभी नहीं। | Never |
| मैं कसम खाता हूं। | I swear. |
| इसे यहां रखो। | Keep it here. |
| वह मासूम हैं। | He is innocent |

## 8. तर्क ज्ञान

| | |
|---|---|
| शेर : माँद :: कुत्ता : ? | उत्तर : कुत्ताघर (केनेल) |
| गाय : बछड़ा :: बकरी : ? | उत्तर : मेमना |
| आपके भाई के पिता की पत्नी की बेटी आपकी क्या लगेगी ? | उत्तर : बहन |
| 1 से 100 के बीच में कुल कितनी अभाज्य संख्याएं है ? | उत्तर : 25 |

## 9. प्रेरक प्रसंग

**!! अनुशासन के बिना विकास नहीं !!**

प्राचीन समय में एक नगर था। वहां एक मठ था। उस मठ में एक वरिष्ठ भिक्षु रहते थे। उनके पास अनेकों सिद्धियां थीं, जिसके चलते उनका सम्मान होता था। सम्मान बहुत बड़ी चीज होती है ये वो जानते थे। इसलिए उनकी महत्वाकांक्षा और कुछ न थी।

एक दिन दोपहर के समय वह अपने शिष्यों के साथ ध्यान कर रहे थे। अन्य भिक्षु शिष्य भूखे थे। तब वरिष्ठ भिक्षु ने कहा, 'क्या तुम भूखे हो?' वह भिक्षु बोला, 'यदि हम भूखे भी हों तो क्या?' मठ के नियम के अनुसार दोपहर में भोजन नहीं कर सकते हैं।

वरिष्ठ भिक्षु बोले, 'तुम चिंता मत करो मेरे पास कुछ फल हैं।' उन्होंने वह फल शिष्य भिक्षु को दे दिए। उसी मठ में एक अन्य भिक्षु थे वह मठ के नियमों को लेकर जागरुक रहते थे। वह एक सिद्ध पुरुष थे। लेकिन ये बात उनके सिवाय और कोई नहीं जानता था।

अगले दिन उन्होंने घोषणा की कि जिसने भी भूख के कारण मठ का नियम तोड़ा है। उसे मठ से निष्काषित किया जाता है। तब उन वरिष्ठ भिक्षु ने अपना चोंगा उतारा और हमेशा के लिए उस मठ से चले गए।

**शिक्षा:-अनुशासन के बिना सच्ची प्रगति संभव नहीं है। वरिष्ठ भिक्षु ने ऐसा ही किया। दरअसल यह याद रखना हमेशा जरूर है कि जीवन में जो सफलता या शक्ति हासिल हुई है, वह कठोर अनुशासन के फलस्वरूप ही मिलती है।**

## 10 . बूझो तो जाने

एक फूल यहां खिला, एक खिला कोलकाता,
अजब अजूबा हमने देखा, पत्ते के ऊपर पत्ता।

**उत्तर: पत्ता गोभी**

**NAVODAYA VIDYALAYA SAMITI**
**An Autonomous Organization under**
**Ministry of Education**
**Department of School Education & Literacy**
**Govt. of India**

**NOTIFICATION FOR EXTENSION OF LAST DATE TO SUBMIT ONLINE APPLICATIONS FOR CLASS VI JNVST 2026**

Online registration for Admission to Class-VI (session 2026-27) in Jawahar Navodaya Vidyalayas through selection test is in progress. The last date of submission of online applications is extended up to 27th August, 2025. Eligible candidates may apply free of cost by visiting the link https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs.

Issued by Navodaya Vidyalaya Samiti

**नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 27.08.2025**

"हर सुबह एक नया सत्र, हर दिन एक नई प्रेरणा"

कैमूर चेतना - सत्र टीम

संपर्क सूत्र : 8271039022